प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान शिक्षक पात्रता परीक्षा–जेटेट का मुद्दा उठा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेटेट के आय़ोजन की तारीख घोषित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा लंबे समय से लंबित है, जिस वजह से नियुक्तियां प्रभावित हो रही है।

वहीं, उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन को बताया कि सरकार 31 मार्च तक जेटेट का आय़ोजन करेगी। उन्होंने कहा कि नौजवानाओं के बेहतर भविष्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

****

लोकसभा ने आज सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने के बाद आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का प्रस्ताव था। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पाडोले और किरण कुमार रेड्डी तथा सीपीआई (एम) के एस वेंकटेशन शामिल हैं।

****

राज्य में ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा आज पुलिस मुख्यालय में अन्य वरीय पदाधिकारियों तथा जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगी। इस दौरान आगामी पर्व–त्योहारों के दौरान विधि और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी जिलों को अहम निर्देश दिए जाएंगे।

****

राज्य भर की हजारों जल सहियाओं ने मानदेय बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर आज राजधानी रांची में प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का भी प्रयास किया। इस दौरान मोरहाबादी मैदान से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

****

सुधा गुप्ता ने आज मानगो नगर निगम के महापौर का पद संभाल लिया है। कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त रवि रंजन विक्रम ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर नव निर्वाचित सभी चौंतीस पार्षदों ने भी शपथ ली।

उधर चास नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर भोलू पासवान औऱ सभी पैंतीस पार्षदों ने पद की शपथ ली। इस मौके पर महापौर ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

****

हजारीबाग जिला के बिष्णुगढ़ में वन प्रबंधन समिति और जन सहयोग केंद्र की ओर से वन संपदा और पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जागरुकता रैली निकाली गई। इस मौके पर लोगों को जंगलों में आग नहीं लगाने के प्रति जागरुक किया गया।

****

पलामू जिला में सिलेंडर ब्लास्ट मामले में एलपीजी एजेंसी संचालक के खिलाफ टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व सिलेंडर ब्लास्ट होने से चार लोग घायल हो गए थे।

****

राजधानी रांची के ईटकी रोड में आज एक गैस सिलेंडर के फटने से अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया. वहीं, धुर्वा के सेल सिटी स्थित एक फ्लैट में लगी आग को दमकल की टीम ने काबू कर लिया है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र के पंडाबिला गांव में जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को रौंदकर मार डाला। इस दौरान हाथी ने कई घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले के कई हिस्सों में अगले एक से तीन घंटे के दौरान मेघगर्जन, वज्रपात औऱ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान कई इलाकों में तेज हवा भी चल सकती है।

*******समाप्त*************